सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	पौष 05, मंगलवार, *शाके* 1945-दिसम्बर 26, 2023 *Pausa 05 Tuesday , Saka 1945- December 26 , 2023*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 16, 2023

संख्या प.10(न.पा.)(ब.घो.)(क्रमोन्नत)डीएलबी/23/ 3516 :-बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य में नवीन जिला घोषित करने हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 5 अगस्त 2023 के क्रम में एवं राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 329 सपठित धारा 337 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विभागीय अधिसूचना क्रंमांक 3825 दिनांक 30.04.12 के अन्तर्गत जिला मुख्यालय की नगरीय निकाय एवं अधिसूचना क्रंमांक 2428 दिनांक 17/07/2023 के द्वारा निर्धारित मानको में शिथिलन, देते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा नगर पालिका फलौदी (जिला-फलौदी) को तृतीय श्रेणी नगर पालिका से नगर परिषद में क्रमोन्नत किया जाता है। यह अधिसूचना तुरन्त प्रभाव से प्रभावशील होगी ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

हृदेश कुमार शर्मा,
निदेशक एवं विषिष्ठ सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।